भिलाई में तीज मिलन समारोह, महिलाओं ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा, खेल में दिखाया अपना दम खम, छत्तीसगढ़िया पारंपरिक वेशभूषा में नजर आई महिलाएं, विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित, छत्तीसगढ़ी नृत्य ने मोह लिया सभी का मन

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के द्वारा पहली बार तीज मिलन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र यादव एवं अध्यक्षता महापौर नीरज पाल रहे। छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं परंपरा को बढ़ावा देने तथा इससे जोड़ने के उद्देश्य से महिलाओं के लिए विशेष तौर पर तीज मिलन महोत्सव का आयोजन सर्व समाज मांगलिक भवन बैकुंठधाम तालाब के समीप किया गया। जिसमें प्रारंभिक तौर पर महिलाओं ने छत्तीसगढ़िया खेल में हिस्सा लेकर विजेता बने। महिलाओं ने बढ़ चढ़कर तीज मिलन महोत्सव में भाग लिया। भिलाई निगम के सभी वार्डों से महिलाएं एवं उनके परिवार कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे थे। खेल के साथ ही सांस्कृतिक आयोजन का आनंद भी महिलाओं ने लिया। अंजोर लोक कला मंच की गरिमा/स्वर्णा दिवाकर ने छत्तीसगढ़ी नृत्य के माध्यम से लोगों का मन मोह लिया और अपनी शानदार प्रस्तुति दी। महिलाओं के लिए भोजन एवं नाश्ता आदि की व्यवस्था भी की गई थी। संस्कृति , पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग की प्रभारी रीता सिंह गेरा ने कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा तैयार की थी , तीज मिलन महोत्सव को उन्होंने महापौर नीरज पाल की पहल से ऐतिहासिक बनाया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने कार्यक्रम का आनंद लिया। ऐसे कार्यक्रम आयोजित होने से छत्तीसगढ़ी परंपरा एवं संस्कृति को बढ़ावा मिलता है।